बुधवार उत्सव में 286 सम्पतियां बेची

185 दुकानें बिकीं, 27 करोड़ का मिला राजस्व

जयपुर @ पत्रिका. स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान आवासन मंडल की ओर से शुरू की गई अपनी दुकान अपना व्यवसाय योजना के तहत बुधवार को 185 दुकानें बिकीं। इससे मंडल को 26.55 करोड़ रुपए का राजस्व मिला। इसके अलावा बुधवार नीलामी उत्सव में 101 सम्पत्तियां बिकीं। इससे मंडल को 14.25 करोड़ रुपए का राजस्व मिला। उत्सव में 286 सम्पत्तियां बेचकर मंडल ने 41 करोड़ रुपए का राजस्व मिला। जयपुर के अलावा राज्य के अन्य शहरों में भी व्यवसायिक दुकानें और भूखंड खरीदने में लोगों ने रुचि दिखाई। मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि कई जगह तो प्रॉपर्टी खरीदने के लिए लोगों ने निर्धारित बिक्री मूल्य से तीन गुना दरों पर खरीदा।